**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**26 जनवरी 2025, समय 1810**

**समाचार**

- देशभर में आज 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्तव्य-पथ पर देश का नेतृत्व किया।

  हरियाणा में भी आज गणतंत्र दिवस धूमधाम व देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

  राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राज्यपाल ने प्रदेश की विकास में युवाओं व नागरिकों की भागीदारी पर बल दिया।
-

  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया व परेड़ की सलामी ली।
-

  केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी गणतंत्र दिवस पूरी देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। तीन पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 24 पुलिसकर्मियों को प्रशासक पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

**********************************************************************

देशभर में आज 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। नई दिल्ली में कर्तव्य-पथ पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश का नेतृत्व किया। समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के **राष्ट्रीय समर स्मारक** जाने से हुई जहां उन्होंने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ पारंपरिक बग्गी में कर्तव्य-पथ पर पहुंची। राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जिसके बाद 21 तोपों की सलामी दी गई।परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। परेड में तीन सौ कलाकारों ने देशभर के वाद्‌ययंत्रों की धुन पर **सारे जहां से अच्छा** का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान हैलिकॉप्टरों ने ध्वज की आकृति में पुष्पवर्षा की। झांकियों में टी-90 टैंक, नाग मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस, पिनाका रॉकेट सिस्टम, अग्निबाण

रॉकेट लॉन्चर, **आकाश** शस्त्र प्रणाली, युद्ध क्षेत्र निगरानी प्रणाली, बारामासी वाहन **चेतक** और हल्के वाहन **बजरंग** का प्रदर्शन किया गया।इस वर्ष की परेड में 10 हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किये गए। इनमें सरपंच, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, स्व-सहायता समूहों के सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सड़क निर्माण से जुड़े कामगार शामिल हैं।

*************************************************************************

हरियाणा में भी आज गणतंत्र दिवस धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

प्रदेश में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन फरीदाबाद में किया गया। यहां राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और और परेड से सलामी ली। इससे पहले राज्यपाल ने सेक्टर 12 स्थित युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया। गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ये दिन सविंधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने का प्रतीक है। राज्यपाल ने प्रदेश की विकास में युवाओं और नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया।

इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिनमे हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा—

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा हैकेंद्रीय व प्रदेश की योजनाओं का लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंच रहा है! प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कृत संकल्प है! इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने योग व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। । मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों व सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।पानीपत में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से सराबोर नृत्य और गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को

श्रदांजलि दी।सिरसा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली।

समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों को दर्शाती आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया।हिसार के महावीर स्टेडियम में आज कानून व खेल मंत्री गौरव गौतम ने ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण किया तथा मार्चपास्ट की सलामी ली।

राज्यमंत्री ने विभिन्न विभागों व सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

*********************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी गणतंत्र दिवस पूरी देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया । चंडीगढ़ के सेक्टर 17 की परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य सचिव राजीव वर्मा मुख्यातिथि के रुप में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया।

मार्च पास्ट में पुलिस और एन सी सी की विभिन्न टुकड़ियों ने भाग लिया।समारोह में सामाजिक संदेशों और विकास को दर्शाती विभिन्न विभागों की झाकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमो ने लोगों का मनोरंजन किया।इस दौरान, मुख्य सचिव ने कर्मचारियों और 21 लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए । तीन पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 24 पुलिसकर्मियों को उनकी विशिष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशासक पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में कल अवकाश रहेगा।

*********************************************************************

हरियाणा में अन्य कई जिलों से गणतंत्र दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं। जींद में शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण करते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली और जिला वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया, वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

करने वाले लोगों का भी प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।रोहतक में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।समारोह के दौरान अपने संबोधन में विकास एवं पंचायत मंत्री ने कृष्ण लाल पंवार ने संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को याद किया।अंबाला छावनी के एस डी कॉलेज ऊर्जा एव परिवहन मंत्री अनिल विज ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली।सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी आज गणतंत्र दिवस समारोह पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।अम्बाला शहर में भी गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।कुरुक्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह पर आज पुलिस लाइन प्रांगण में कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल ने ध्वजारोहण किया। सर्वप्रथम सांसद नवीन जिंदल ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन प्रांगण में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।